FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना बसईमौ0पुर दिनांक 21-07-2024 जनपद फिरोजाबाद।

थाना बसईमौ0पुर, एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा कोमल का अपहरण करने वाले 02 बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ में दोनों अभियुक्त पैर में गोली लगने से हुए घायल, दोनों के कब्जे से अवैध असलहा मय कारतूस बरामद।**
- **पुलिस टीम द्वारा बदमाशों के चंगुल से अपहृत कोमल को सकुशल किया बरामद ....**

दिनांक 21.07.24 को थाना बसई मोहम्मदपुर के ग्राम गढी तिवारी निवासी कोमल पुत्र मूंगाराम को अभियुक्तगण द्वारा अपहरण कर लिया गया था एवं मोबाईल फोन से अपहृत कोमल के भाई रवि को फोन कर धमकी दी कि नेत्रपाल पुत्र मूंगाराम व सुमन पत्नी सुल्तान को वापस हमें दे दो नहीं तो हम तुम्हारे भाई कोमल को मार देंगे साथ ही रूपयों की भी माँग की गयी। वादी श्री मूंगाराम पुत्र श्री मनीराम निवासी गढी तिवारी थाना बसई जनपद फिरोजाबाद की लिखित तहरीर पर तत्काल मु0अ0सं0 93/24 धारा 140(1)/308(5) बीएनएस 2023 बनाम 1.मुलायम उर्फ मुल्ला पुत्र पप्पू 2.सुल्तान पुत्र पप्पू निवासीगण माली पट्टी थाना बसई जनपद फिरोजाबाद पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपह्त के सकुशल बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस व थाना बसईमौ0पुर पुलिस टीम सहित कुल 06 टीमों का गठन किया गया।

गठित पुलिस टीम को मुखबिर खास की सूचना पर चन्द्रवार किला के पास जंगलों में अभियुक्तगण के छिपे होंने व अपहृत कोमल उपरोक्त को वहीं पर बंधक बनाकर रखने की सूचना पर अभियुक्तगण की घेरा बन्दी की गयी तो अभियुक्तगण से मुठभेड हो गयी जिसमें अभियुक्तगण 1.मुलायम उर्फ मुल्ला पुत्र पप्पू 2.सुल्तान पुत्र पप्पू निवासीगण माली पट्टी थाना बसई जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण से पूछताछ में अभियुक्त सुल्तान पुत्र पप्पू उपरोक्त के द्वारा बताया गया कि कोमल पुत्र मूंगाराम को हम दोनों भाईयों ने इसलिये उठाया है क्योंकि कोमल का भाई नेत्रपाल मेरी पत्नी सुमन को भगा ले गया है। हम लोगों द्वारा कोमल पुत्र मूंगाराम को उठाकर उसके घऱ वालों से कोमल के भाई नेत्रपाल व मेरी पत्नी सुमन को देने एवं रूपयों की फोन पर मांग की थी। हमें कुछ न मिलने पर आज इसको हम लोग मार देते। दोनों अभियुक्तगण के चगुंल से अपहृत कोमल पुत्र मूंगाराम निवासी गढी तिवारी थाना बसई जनपद फिरोजाबाद को सकुशल छुडाया गया। अभियुक्त मुलायम उर्फ मुल्ला पुत्र पप्पू उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तंमचा 315 बोर नायाजय मय एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ एवं अभियुक्त सुल्तान पुत्र पप्पू उपरोक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ -

कोमल पुत्र मूंगाराम को हम दोनों भाईयों ने इसलिये उठाया है क्योंकि कोमल का भाई नेत्रपाल मेरी पत्नी सुमन को भगा ले गया है। हम लोगों के द्वारा कोमल पुत्र मूंगाराम के उठाकर उसके घऱ वालों से कोमल के भाई नेत्रपाल व मेरी पत्नी सुमन को देने के साथ रूपयों की फोन पर मांग की थी। गांव में हम लोगों की बहुत बेईज्जती हो रही थी यदि आज पुलिस हम लोगो को नहीं घेरती तो आज इसे हम लोग मार देते।

गिरफ्तार का दिनांक व समय व स्थान ---- दिनांक 21.07.24 समय 17.15 PM बजे स्थान चन्द्रवार किला के पास जंगल थाना बसई मोहम्मदपुर जिला फिरोजाबाद।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1-मुलायम उर्फ मुल्ला पुत्र पप्पू निवासी माली पट्टी थाना बसईमोहम्मदपुर जिला फिरोजाबाद।

2-सुल्तान पुत्र पप्पू निवासी माली पट्टी थाना बसई मोहम्मदपुर जिला फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्तगणः-

1-मुलायम उर्फ मुल्ला पुत्र पप्पू निवासी माली पट्टी थाना बसईमोहम्मदपुर जिला फिरोजाबाद।

1.अ0सं0 16/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बसई

2.अ0सं0 22/18 धारा 452/323/506 भादवि थाना बसई

3.अ0सं0 212/23 धारा 379/411 भादवि थाना बसई

4.अ0सं0 134/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना बसई

5.अ0सं0 39/21 धारा 498ए/323/506 भादवि थाना एम0एम0गेट आगरा

6.अ0सं0 517/19 धारा 307/392/411/414 भादवि थाना फतेहाबाद आगरा

7.अ0सं0 520/19 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना फतेहाबाद आगरा

8. मु0अ0सं0 93/24 धारा 140(1)/308(5) बीएनएस 2023 थाना बसईमौ0पुर जनपद फिरोजाबाद।

2-सुल्तान पुत्र पप्पू निवासी माली पट्टी थाना बसई मोहम्मदपुर जिला फिरोजाबाद।

1.अ0सं0 22/18 धारा 452/323/506 भादवि थाना बसई

2.अ0सं0 212/23 धारा 379/411 भादवि थाना बसई

3- मु0अ0सं0 93/24 धारा 140(1)/308(5) बीएनएस 2023 थाना बसईमौ0पुर जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

अभियुक्त मुलायम उर्फ मुल्ला पुत्र पप्पू के कब्जे सेः-

1.एक अदद तंमचा .315 बोर नाजायज जिसमें एक कारतूस फंसा हुआ।

2.एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर नाजायज।

3.एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर।

अभियुक्त सुल्तान पुत्र पप्पू के कब्जे सेः-

1.एक अदद तंमचा .315 बोर नाजायज जिसमें एक कारतूस फंसा हुआ।

2.एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर नाजायज।

3.एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1-थानाध्यक्ष पारूल मिश्रा थाना बसईमौ0पुर जनपद फिरोजाबाद।

2-श्री शैलेन्द्र चौहान प्रभारी एसोजी मय एसओजी / सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।

3-उ0नि0 श्री मनेन्द्र सिंह, उ0नि0 राजकुमार गौतम व प्र0उ0नि0 सोनू कुमार।

4-का0 शुभेन्द्र, 5-का0 अंकित कुमार, 6-का0 अंकित यादव, 7-का0 अनिरूद्ध, 8-है0का0 विनोद कुमार, 9-है0का0 यशवीर सिंह, 10-का0 निमित त्यागी, 11-का0 डिगम्बर सिंह,